# हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि

रोहतक, बुधवार, 6 मार्च 2024

11 एनएसएस अधिकारी डॉक्टर कामना को ...



12 एचटेट अभ्यर्थियों ने शिक्षा बोर्ड मुख्यालय ...



## खबर संक्षेप

### डॉ. अजय आज करेंगे तोशाम हलके का दौरा

**तोशाम।** जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा.अजय सिंह चौटाला छह मार्च को तोशाम हलके के आधा दर्जन गांवों का दौरा कर जनसभाओं को संबोधित करेंगे। पार्टी के हल्का अध्यक्ष राजेश भारद्वाज एवं प्रवक्ता प्रदीप बंसल ईशरवाल ने बताया कि जजपा सुप्रीमो छह मार्च को सुबह 10 बजे क्षेत्र के गांव रिवासा, सागवान, किरावड, भुरटाना, खानक व सरल में जनसभाओं को सम्बोधित करेंगे ।

### कृषिमंत्री आज करेंगे हलके का दौरा

**लोहारू।** प्रदेश के कृषि एवं पशुपालन मंत्री जेपी दलाल 6 मार्च को लोहारू हलके के सिवानी, पहाड़ी तथा लोहारू में विभिन्न कार्यक्रमों में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होकर 16 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे। कृषिमंत्री गोशाला में होने वाले कार्यक्रम को मुख्यतिथि के रूप में संबोधित करेंगे और 8.5 करोड़ रुपये से बनने वाले गांव पहाड़ी जलघर के निर्माण कार्य का शुभारंभ करेंगे।

### 15 तक दर्ज होगा फसल खराबे का ब्यौरा

**चरखी दादरी।** पिछले दिनों बारिश व ओलावृष्टि के कारण हुए फसल के नुकसान को लेकर 15 मार्च तक क्षतिपूर्ति पोर्टल पर ब्योरा दर्ज किया जा सकता है। सरकार की ओर से क्षतिपूर्ति पोर्टल को किसानों की सुविधा के लिए खेल दिया गया है। उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि फसल नुकसान का ब्यौरा अपलोड करने के लिए क्षतिपूर्ति पोर्टल पर खोल दिया गया है, किसान फसल नुकसान का ब्यौरा जल्द से जल्द 15 मार्च तक पोर्टल पर दर्ज करवाएं ताकि समय रहते अन्य कार्यों को संपन्न करवाया जा सके।

## महाशिवरात्रि पर 72 साल बाद बन रहा है खास संयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

- शिवयोग, सिद्ध योग और चतुरग्रही योग का निर्माण हो रहा है इन तीनों योग का एक ही दिन महाशिवरात्रि पर बना अद्भुत संयोग



अबकी बार महाशिवरात्रि 8 मार्च को मनाई जाएगी और इस बार महाशिवरात्रि के दिन बेहद खास संयोग का निर्माण हो रहा हैए यह जानकारी देते हुए प्राचीन छपारिया हनुमान मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित रामकिशन महाराज गोवर्धन.मथुरा वाले ने बताया कि महाशिवरात्रि पर शिवयोग सहित कई शुभ योग बन रहे हैं। पंचांग के अनुसार हर वर्ष फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि पर महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाता है। इसी कड़ी में हर माह मासिक शिवरात्रि मनाई जाती है और फाल्गुन माह में महाशिवरात्रि मनाते हैं। पंडित रामकिशन ने बताया कि अबकी बार महाशिवरात्रि के दिन कई शुभ संयोग बन रहे हैं जिसके चलते इस बार महाशिवरात्रि की पूजा शिवभक्तों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो सकती है। उन्होंने बताया कि इस बार महाशिवरात्रि के दिन 72 सालों बाद अद्भुत संयोग का निर्माण हो रहा है। अतः अबकी बार महाशिवरात्रि के दिन कोई भी शिवभक्त भोले की पूजा से वंचित न रहे।

देवों के देव महादेव की महाशिवरात्रि के दिन पूरे मनोभाव से शिवभक्त पूजा करते हैं, और शिव साधना के लिए महाशिवरात्रि पर्व बहुत खास होता है। अबकी बार की महाशिवरात्रि की पूजा के लिए बन रहे अद्भुत संयोग के बारे में बताते हुए पंडित रामकिशन महाराज ने कहा की इस वर्ष महाशिवरात्रि के दिन होने वाला अद्भुत संयोग 72 साल बाद बन रहा है। उनका कहना था कि इस बार महाशिवरात्रि पर शिवयोग सिद्ध योग और चतुरग्रही योग का निर्माण हो रहा है इन तीनों योग का एक ही दिन महाशिवरात्रि के पर्व पर बना अद्भुत संयोग है। पंडित रामकिशन ने बताया कि इसके अलावा महाशिवरात्रि के दिन ही शुक्र प्रदोष व्रत बन रहा है। उन्होंने बताया कि अबकी बार महाशिवरात्रि 8 मार्च शुक्रवार के दिन मनाई जाएगी और इसी दिन प्रदोष व्रत भी रखा जाएगा। उनका कहना था कि प्रदोष व्रत जब शुक्रवार के दिन बनता है तो उसे शुक्र प्रदोष व्रत कहा जाता है। जिसको लेकर इस अत्यंत शुभ खास संयोग में अबकी बार शिवभक्तों के लिए भोले की पूजा करना अत्यधिक लाभकारी सिद्ध हो सकती है।

### महाशिवरात्रि व्रत तिथि व शुभ पूजा मुहूर्त

पंडित रामकिशन महाराज ने बताया कि पंचांग के अनुसार फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि 8 मार्च को रात्रि 9 बजकर 57 मिनट से शुरू होगी जो की 9 मार्च को शाम 6 बजकर 17 मिनट पर समाप्त होगी। क्योंकि शिवरात्रि विशेष पूजा रात्रि के दौरान की जाती है इसलिए इसमें सूयार्ेदय का समय अर्थात उदयातिथि देखना आवश्यक नहीं है। महाशिवरात्रि व्रत पूजा प्रदोष काल में प्रारंभ की जाती है इसी कारण से यह व्रत अबकी बार 8 मार्च शुक्रवार के दिन रखा जाएगा। इस विशेष दिन पर शिवयोग का निर्माण हो रहा है जो मध्य रात्रि में 12 बजकर 46 मिनट तक रहेगा और इसके बाद सिद्ध योग शुरू हो जाएगा। इस दिन श्रवण नक्षत्र का भी निर्माण हो रहा है जो की रात्रि में 10 बजकर 41 मिनट तक रहेगा।

## संगीत से जीवन में मिलती है अनुशासन की प्रेरणा



**चरखी दादरी।** संगीत प्रकृति के कण-कण में विद्यमान है। संगीत कला से हमें जीवन में अनुशासन, परस्पर सहयोग और सही निर्णय लेने की प्रेरणा मिलती है। संगीत बिना बोले अपने विचारों को अभिव्यक्त करने की क्षमता रखता है। जनता महाविद्यालय के सभागार में सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की ओर से आयोजित सुरों की महफिल कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित एडीसी डॉ. जयेन्द्र ने ये विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध संगीतज्ञ पंडित सुभाषचंद्र घोष ने नवस्वर रागिनी वीणा पर शास्त्रीय संगीत की स्वर लहरियां छेड़कर श्रोताओं को मदमस्त कर दिया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी को अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित कर पूरे जी-जान से उसे हासिल करने का प्रयत्न करना चाहिए। किसी प्रकार की कोई कठिनाई सामने आती है तो बगैर भय और चिंता के उसका सामना करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि एवं जिला परिषद के सीईओ प्रदीप कौशिक ने कहा कि संगीत तनाव से मुक्ति प्रदान करता है। संगीत से मन को बड़ी शांति मिलती है, जो आज की भाग दौड़ की जिंदगी में बहुत जरूरी है। संगीत और कला से भी अपनी विशेष पहचान बनाई जा सकती है। अतिथियों ने पंडित सुभाषचंद्र घोष व उनके साथी कलाकार सुरेश शर्मा, यूनूस हुसैन खान को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।

## अब जल्द ही डैमेज शहर की स्ट्रीट लाइटों के दिन फिरने वाले हैं

# हर गली-चौक चौराहा होगा लाइटों से जगमग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



अब जल्द ही डैमेज शहर की स्ट्रीट लाइटों के दिन फिरने वाले है। साथ ही जिन इलाकों की गलियों व चौक चौराहों में लाइटें नहीं है। उनमें भी उजियारा होगा। जिसके लिए नगरपरिषद ने लाइट फिक्सिंग के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी। अगले सप्ताह तक लाइटें लगाने का कार्य शुरू हो जाएगा। उसके बाद शहर में सभी इलाकों, गली या चौक चौराहें पर स्ट्रीट लाइटों की रोशनी से जगमगाहट होगी। यहां तक कि जितनी भी जर्जर लाइटें है। उन सभी को दुरुस्त भी कराया जाएगा। जिसकी नगरपरिषद ने तैयारी शुरू कर दी है।

उल्लेखनीय है कि शहर के चौक व चौराहों तथा हर गली में लगाए जाने के लिए करीब 17 हजार के आसपास लाइटें पहुंची है। लाइटें लगाए जाने की प्रक्रिया अगले सप्ताह शुरू हो जाएगी। जिसके लिए नगरपरिषद ने टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। टेंडर लगने के तत्काल बाद लाइट फिक्सिंग करने के लिए टेंडर लगाया गया है। लाइट लगाने की जगह फिक्स करने व वहां पर स्ट्रेक्चर बनाए जाने के बाद तत्काल लाइट लगाने का कार्य शुरू हो जाएगा। सभी जगहों पर लाइटें लगने के बाद हर क्षेत्र में उजियारा होगा। शहर दुधिया रोशनी से नहाएगा। जिसकी वजह से शहर की सुंदरता को और चार चांद लगेंगे। नगरपरिषद के चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने बताया कि लाइटों को लगाए जाने की प्रक्रिया शुरू है। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया चल रही है। जल्द ही प्रक्रिया को पूरा कर लिया जाएगा और अगले सप्ताह तक लाइटें लगवाए जाने का कार्य शुरू करवा दिया जाएगा। शहर में पुरानी लाइटों की मरम्मत करवाई जाएगी। ताकि उन लाइटों को भी प्रयोग में लिया जा सके। शहर की सभी गली व चौक चौराहों पर लाइटें लगवाई जाएगी। जहां पर अब लाइटें नहीं है। उन जगहों पर लाइटें लगवाई जाएगी। पूरे शहर की सुंदरता को बढ़ाया जा सके।

### पुरानी लाइटों की होगी मरम्मत

बताया जा रहा है कि नगरपरिषद का कोई भी इलाका स्ट्रीट लाइटों से अछूता नहीं रहेगा। हर गली व चौक चौराहों पर लाइटें लगाई जाएगी। जिन जगहों पर पहले लगी हुई है और जर्जर हालत में तो उनकी जगह नई लाइट लगेगी। साथ ही लाइट ज्यादा जर्जर नहीं है। उस लाइट को दुरुस्त करवाया जाएगा। ताकि पुरानी लाइटों को भी कार्य में लिया जा सके। इस तरह की शहर में हजारों की संख्या में है। जिनको थोडी सी लागत के बाद दुरुस्त किया जा सकेगा। यहां यह बताते चले कि कुछ लाइटों में बल्ब तो कुछ लाइटों में टयूब की कमी है। उनको पूरा किया जा सकेगा।



भिवानी। गड्ढे में गिरे सांड को जेसीबी से निकालते गोरक्षक। फोटो : हरिभूमि

## गड्ढे में गिरा सांड, एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद गोरक्षकों ने निकाला

- शहर में जगह-जगह बने गड्ढे नागरिकों के साथ-साथ बेजुबानों के लिए भी जानलेवा : संजय

**भिवानी।** शहर में जगह-जगह पर बने गड्ढे न केवल नागरिकों, बल्कि पशुओं के लिए जानलेवा साबित हो रहे है, इन गड्ढों से नागरिक बचकर निकल जाते है, लेकिन बेजुबान जानवर गड्ढों में गिरकर चोटिल हो रहे है, जिसका जिम्मेदार जिला प्रशासन है, ऐसा ही मामला मंगलवार शाम को भी देखने को मिला, जब बड़चौक के नजदीक गड्ढे में सांड गिरकर घायल हो गया।

क्षेत्रवासियों ने डायल-112 पर सूचना दी तथा डायल-112 ने गौरक्षा दल भिवानी के प्रधान संजय परमार को सूचित किया। प्रधान परमार के नेतृत्व में अन्य गौरक्षक घटनास्थल पर पहुंचे तथा करीबन एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद सांड को गड्ढे से निकाला। परमार ने बताया कि उन्हें सूचना मिलने के बाद उन्होंने अजीत बेरला को सूचना दी तथा वे तुरंत जेसीबी मशीन लेकर घटनास्थल पर पहुंचे। इसके अलावा फायर बिग्रेड की गाड़ी भी तुरंत मौके पर पहुंची। घायल सांड का मौके पर ही गोरक्षकों ने इलाज किया।



बहल। अभिवादन स्वीकारते योग गुरु स्वामी रामदेव।

## पिंजोखरा में शादी समारोह में युवक पर गांव के ही अन्य युवकों ने चलाई गोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

पिंजोखरा में शादी समारोह के दौरान पुरानी रंजिश के चलते युवक ने गांव के ही कुछ युवकों पर गोलियां चलाने का आरोप लगाया है, जिसके चलते शादी समारोह में मौजूद गांव पिंजोखरा निवासी व्यक्ति व गांव चिडोद निवासी एक व्यक्ति को गोली लगी है। गोली लगने के पश्चात घायल दोनों व्यक्ति हिसार के निजी अस्पताल में उपचाराधीन है, इसकी शिकायत आरोप लगाने वाले युवक ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस को दी है।

गांव पिंजोखरा निवासी सचिन ने पुलिस को बताया कि गत 3 मार्च की रात्रि करीबन 12 बजे वह गांव में शादी समारोह में गया हुआ था, जो रात्रि में गुड़चढ़ी होने के पश्चात वहां से अकेला घर की तरफ आने लगा तो थोड़ी दूरी पर गांव की धर्मशाला के नजदीक गांव के ही करीबन पांच युवक एक गाड़ी में सवार होकर आए और आते ही गालियां देनी शुरू कर दी, जिससे डरकर वह वापस शादी वाले घर के अंदर भागकर घुस गया। सचिन ने बताया कि उनके परिवार की आरोपियों के साथ पुरानी रंजिश चल रही है। सचिन ने आरोप लगाया कि इस दौरान जब वह शादी वाले घर में भागकर घुसने लगा तो उस समय आरोपियों में से एक युवक ने पीछे से जान से मारने की नीयत से गोलियां चलाई, लेकिन उसे गोली नहीं लगी और वह बाल-बाल बच गया।

### गुलशन व श्रवण को गोली मारी

सचिन ने आरोप लगाया कि तत्पश्चात आरोपी पांचों युवक उसके पीछे ही शादी वाले मकान के अंदर घुस गए तो वहां मौजूद लोगों के पीछे सचिन अपनी जान बचाने के लिए छुप गया। समारोह में मौजूद पिंजोखरा निवासी गुलशन व शादी में भाती आए गांव चीढ़ोद निवासी श्रवण ने युवकों को रोका तो आरोपियों ने कहा कि तुम बीच में से हट जाओ, नहीं तो तुम्हें भी जान से मार देंगे। तत्पश्चात गुलशन व श्रवण नहीं माने तो आरोपी ने रिवाल्वर की गोली सीधी श्रवण को मारी, जो उसके पैर पर जाकर लगी। तत्पश्चात आरोपियों में से दूसरे युवक ने हाथ में लिए हथियार से गुलशन को गोली मारी, उसके भी पैर पर गोली लगी।

### आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गुहार

- लोगों के शोर मचाने के कारण आरोपी युवक हथियारों सहित मौके फरार

सचिन ने आरोप लगाया कि तत्पश्चात भी आरोपी गोलियां चलाते रहे, लेकिन वहां मौजूद लोगों के कारण बाल बाल बच गए और वहां मौजूद गीत गा रही महिलाओं व अन्य लोगों के शोर मचाने के कारण आरोपी युवक हथियारों सहित मौके से फरार हो गए। तत्पश्चात घायल गुलशन व श्रवण को अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां हिसार के निजी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। सचिन ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

## सनातन धर्म श्रेष्ठ धर्म , अनेक धर्मों का जनक : रामदेव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहल

- निजी कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे थे बाबा रामदेव

योग गुरु स्वामी रामदेव ने कहा कि सनातन धर्म श्रेष्ठ धर्म है और इस धर्म ने अनेक ऐसे धर्मों को जन्म दिया है जो संसार के प्राणियों जीवन पथ को सही राह दिखा रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को जाति, धर्म और मजहब से ऊपर उठकर मानवता के हित में काम करना चाहिए। मानवता की सेवा भगवान की सेवा से बढ़कर है। मानवता के लिए किया गया काम कभी निष्काम नहीं जाता है। उन्होंने कहा कि युवाओं को अच्छी शिक्षा, अच्छे संस्कार दें ताकि वे देश के श्रेष्ठ नागरिक बन सकें।

वे मंगलवार को बहल क्षेत्र के पातवान गांव में एक निजी कार्यक्रम में हिस्सा लेने आए थे। उन्होंने कहा कि व्यक्ति, समाज और देश के विकास के लिए उस देश के नागरिकों का शिक्षित और संस्कारवार होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि भारत देश का अतीत शौर्य, पराक्रम से भरा हुआ गौरवशाली रहा है। हमें देश की ताकत को बढ़ाने के लिए जाति, धर्म और भेदभाव से ऊपर उठकर एकजुटता से काम करना होगा। उन्होंने कहा कि दो तरह के कानून होते हैं। एक देश का कानून और संविधान होता है जो चुने हुए जनप्रतिनिधि बनाते हैं। दूसरा भगवान का कानून और संविधान होता है। भगवान के काननू से ही जीवन चलता है। हमें यह मानना चाहिए कि हम एक ईश्वर की संतान है और वही हमारे मांए बाप है। हमें जाति धर्म के बंधन से मुक्त होकर केवल भारतीयता के धर्म को मानकर ही देश की सेवा करनी है।

### युवाओं को संस्कार दें

उन्होंने कहा कि हमें अपना समय आपसी लड़ाई, झगड़े में व्यतीत नहीं करना है। हमारे अपने दायित्व है और हमें समाज और देश की सेवा करनी है। हम किसी को मारने के लिए पैदा नहीं हुए, तारने के लिए पैदा हुए है। युवाओं को घर से संस्कार दो उनको समय दो और उनको गुरूकुल की शिक्षा देकर समाज के लिए श्रेष्ठ नागरिक बनाएं। स्वामी रामदेव ने कहा कि वे अहीरवाल में एक ऐसा संस्कारी स्कूल बनाने जा रहे हैं जहां 100, 100 किमी से युवा शिक्षित होने आएंगे।






## सारा स्टारर मर्डर मुबारक का ट्रेलर आया सामने

मुंबई। फिल्म मर्डर मुबारक का टीजर जब रिलीज हुआ था तो उसे काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। दर्शकों को ट्रेलर का बेसब्री से इंतजार था, जो अब रिलीज हो गया है। ट्रेलर की शुरुआत होती है एक क्लब से, जिसमें पंकज त्रिपाठी का वॉइस ओवर आता है द रॉयल दिल्ली क्लब जिसे ब्रिटिश ने बनाया था, ब्रिटिश के लिए। अब अंग्रेज चले गए और छोड़ गए ये मेंबर्स जो अंग्रेज से ज्यादा अंग्रेज हैं। इस दौरान क्लब के हैप्पी मोमेंट्स दिखाए जाते हैं, जहां सारा अली खान डांस करती दिखती हैं।



## बस्तर का दहलाने वाला ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** विपुल अमृतलाल शाह, सुदीप्तो सेन और अदा शर्मा की अगली फिल्म 'बस्तरः द नक्सल स्टोरी' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस ट्रेलर ने लोगों के एक्साटइमेंट को और भी बढ़ा दिया है। सुदीप्तो सेन के डायरेक्शन में बनी फिल्म 'बस्तरः द नक्सल स्टोरी' के 2 मिनट और 35 सेकंड के इस ट्रेलर में अदा शर्मा फिर से अपने बेजोड़ अंदाज में दिख रही हैं। इस ट्रेलर की शुरुआत में कुछ दिल दहला देने वाली झलकियां हैं और कहा जा रहा है कि इंडियन नक्सली आईएसाईएसआई और बोको हरम के बाद दुनिया का तीसरा सबसे खतरनाक आतंकवादी संगठन है।




## क्रू के गाने पर तब्बू, करीना और कृति ने बिखेरे रंग

मुंबई। इस साल की मोस्ट अवेटेड फिल्म क्रू का पहला ट्रैक 'नैना' रिलीज हुआ है। इस म्यूजिक वीडियो में फिल्म की तीनों लीड एक्ट्रेसेस तब्बू, करीना और कृति काफी ग्लैमरस दिख रही हैं, जिनके इर्द-गिर्द फिल्म की पूरी कहानी दर्शकों को खूब एंटरटेन करने वाली है। फिल्म का ये गाना दिलजीत दोसांझ और बादशाह ने मिलकर तैयार किया है। अपने अनोखे अंदाज और बेमिसाल स्वैग के लिए जाने जाने वाले, दिलजीत और बादशाह ने 'नैना' को अपने धमाकेदार एनर्जी और कैची बीट्स से भर दिया है, जिसके लिए वे खासकर जाने भी जाते हैं।



## नए प्रोजेक्ट से आमिर का भयानक लुक वायरल

**मुंबई।** आमिर खान के फैंस उनकी अपकमिंग मूवी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस बीच उनकी कुछ फोटोज सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं, जो थोड़ी सी अजीब हैं। इन फोटोज ने फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ा दी हैं। 'तारे जमीन पर' में ईशान अवस्थी का किरदार निभाने वाले चाइल्ड आर्टिस्ट दर्शील सफारी भी उनके साथ नजर आ रहे हैं। दोनों 16 साल बाद फिर से काम कर रहे हैं। वायरल फोटो में आमिर के हाथ में कुछ है। उनका लुक हैरान कर देने वाला है। बाल लंबे और बिखरे हुए हैं। ऐसा लग रहा है कि चेहरे पर गंदगी लगी है। दांत भी काले और गंदे हैं।

लाइफ Style

## कियारा
### आसमान छू रही फीस

बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस कियारा आडवाणी ने इंडस्ट्री को कई हिट फिल्में दी हैं। इसके चलते इनकी कीमतें बढ़ गई हैं। अरे आपने क्या समझा, हमारे कहने का मतलब है कि उन्होंने आने वाली फिल्म 'डॉन 3' के लिए अपनी फीस बढ़ा दी है। हालांकि, अभी तक इस पर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।


एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्म में रणवीर सिंह एक डॉन की भूमिका में नजर आने वाले हैं। पहली डॉन में अमिताभ बच्चन थे, दूसरी फिल्म में शाहरुख खान थे, अब कमान रणवीर सिंह ने अपने हाथ में ले ली है। कियारा आडवाणी को लेकर खबर है कि वह 'डॉन 3' में अपनी एक्टिंग से लोगों का दिल जीतने वाली हैं। साथ ही वह मेकर्स की धड़कनें भी बढ़ा रही हैं क्योंकि सूत्रों के हवाले से खबर आई है कि वह अपनी फीस बढ़ा रही हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मेकर्स ने फिल्म के लिए दो एक्ट्रेस के नाम शॉर्टलिस्ट किए हैं, कियारा का नाम रणवीर ने इसलिए दिया है क्योंकि उनके बीच अच्छी आपसी बॉन्डिंग है।

मिली जानकारी के मुताबिक कियारा 'डॉन' फ्रेंचाइजी की 'डॉन 3' के लिए 13 करोड़ रुपए चार्ज कर रही हैं। बता दें कि यह फीस ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की फिल्म 'वॉर 2' के लिए ली गई फीस से 50 फीसदी ज्यादा है। ऐसे में अब कहा जा सकता है कि एक्ट्रेस अपनी फीस 50 फीसदी तक बढ़ाने जा रही हैं। किराया और रणवीर सिंह स्टारर 'डॉन 3' साल 2025 में आएगी। इसकी शूटिंग 2025 में शुरू होगी। इस फिल्म का इंतजार लोगों को लंबे समय से था। लेकिन वह इसमें शाहरुख खान की उम्मीद कर रहे थे, जो कि पॉसिबल नहीं हुआ।



हॉलीवुड मसाला



## ट्रोमी संग वायरल हुईं तस्वीरें

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड सिंगर जो जोनस इस समय अपनी लव लाइफ को लेकर चर्चा में हैं। जो जोनस इन दिनों स्ट्रोमी बी को डेट कर रहे हैं। इस रयूमर्ड कपल को अक्सर एक-साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करते देखा गया है। अब एक बार फिर इस रयूमर्ड कपल की कुछ तस्वीरें सामने आईं हैं। कपल अमेरिका के सिडनी में क्वालिटी टाइम स्पेंड करते दिख रहा है। लुक की बात करें तो जो जोनस ब्लू टी-शर्ट और रिप्ड जींस में हैंडसम लग रहे हैं।



## रयूमर्ड बॉयफ्रेंड संग डेट पर निकलीं सोफी

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड एक्ट्रेस सोफी टर्नर इन दिनों पेरेग्रीन पियर्सन को डेट कर रही हैं। अक्सर इस कपल को आउटिंग के दौरान स्पॉट किया जाता है। हाल ही सोफी को पेरेग्रीन पियर्सन को साथ पेरिस के एक रेस्टोरेंट के बाहर देखा गया। इस दौरान सोफी ने ब्लैक ओवर कोट पेयर किया था जिसमें वह स्टाइलिश लग रही थीं। मिनिमल मेकअप सोफी के लुक को परफेक्ट बना रहा था। सोफी संग पेरेग्रीन का नाम उस समय जुड़ा था जब दोनों की कोजी तस्वीरें सामने आईं ती। तस्वीरों में दोनों पेरिस के सड़क के बीचों बीच लिपलॉक करता दिखा था। बता दें कि पेरेग्रीन पियर्सन का पूरा नाम पेरेग्रीन जॉन डिकिंसन पियर्सन है लेकिन उन्हें पेरी कहा जाता है। वह 29 साल ब्रिटिश यंगस्टर हैं, जो एक अमीर परिवार से आते हैं।



## महारानी 3 ओटीटी पर कल होगी स्ट्रीम

**मुंबई।** आखिरकार इंतजार खत्म हुआ। सोनी लिव पर जल्द ही हुमा कुरैशी की महारानी 3 स्ट्रीम होने वाली है। जी हां नए सीजन में धमाकेदार एक्शन के साथ दमदार कहानी दर्शकों का दिल जीत लेगी। फैंस महारानी के अपकमिंग सीजन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। दरअसल महारानी के बाकी 2 सीजन सोनी लिव पर ही आए थे। ऐसे में तीसरा सीजन भी यहीं आएगा। सोनी लिव ने लिखा, बंदूक कमजोर लोग चलाते हैं, समझदार लोग दिमाग! महारानी 3 में रानी का बदला देखें। महारानी 3, 7 मार्च को स्ट्रीम होगी। 'महारानी' 2021 में शुरू हुई एक हिंदी भाषा की ड्रामा स्ट्रीमिंग टेलीविजन सीरीज है, जो सुभाष कपूर की ओर से बनाई गई है। शो में हुमा कुरेशी मुख्य भूमिका में हैं, जिसमें सोहम शाह, अमित सियाल, कानी कुसरुति और इनामुलहक जैसे कलाकार शामिल हैं।



## एडवांस बुकिंग में 'शैतान' को मिला शानदार रिस्पॉन्स

**मुंबई।** अजय देवगन की फिल्म 'शैतान' रिलीज होने वाली है। फिल्म के ट्रेलर को काफी उत्साहजनक रिस्पॉन्स मिला। इसकी एडवांस बुकिंग ओपन कर दी गई है और पहले दिन के आंकड़े देखकर लग रहा है ओपनिंग अच्छी रहने वाली है। शैतान फिल्म की एडवांस बुकिंग 3 मार्च को शुरू हुई। दर्शकों को फिल्म देखने में दिलचस्पी है। टिकटों की संख्या दिखा रही है कि ओपनिंग डे पर घरेलू बॉक्स ऑफिस पर यह बेहतर प्रदर्शन करने वाली है। रिपोर्ट के अनुसार, शैतान ने एडवांस बुकिंग के पहले ही दिन 4115 टिकट बेचे हैं। टिकटों की कुल संख्या का मतलब है कि 9.80 लाख रुपए टिकटों की बिक्री हुई। पहले ही दिन फिल्म ने लगभग 10 लाख रुपए का कलेक्शन कर लिया है। अभी इसमें ब्लॉक की गई सीटें शामिल नहीं हैं। ये केवल कन्फर्म बुकिंग हैं।

## दिखीं एनिमल डायरेक्टर के संग



**मुंबई।** उर्वशी रौतेला के फैंस उनके अपकमिंग प्रॉजेक्ट के बारे में जानने के लिए बेताब रहते हैं। इसी बीच एनिमल के डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा के साथ उनकी एक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है, जिसे देखने के बाद फैंस सवाल कर रहे हैं कि वह एनिमल डायरेक्टर के साथ अगले प्रोजेक्ट में नजर आने वाली हैं। सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें वायरल हो रही हैं, जिनमें उर्वशी रौतेला और संदीप रेड्डी वांगा से गहन बातचीत करते नजर आ रहे हैं। नेटिज़ंस का एक वर्ग अनुमान लगाता है कि वे निकट भविष्य में एक साथ काम करने के अवसर पर चर्चा कर रहे होंगे। काम के मोर्चे पर, अक्षय कुमार के साथ 'वेलकम 3' में उर्वशी रौतेला, बॉबी देओल, दुलकर सलमान, नंदमुरी बालकृष्ण के साथ 'एनबीके109', सनी देओल और संजय दत्त के साथ 'बाप' (हॉलीवुड ब्लॉकबस्टर एक्सपेंडेबल्स का रीमेक), रणदीप हुडा, ब्लैक रोज़ के साथ 'इंस्पेक्टर अविनाश 2', जैसे प्रोजेक्ट्स में वह नजर आएंगी।

## स्वातंत्र्य वीर सावरकर : आज के युवाओं के लिए एक उपहार

**मुंबई।** आनंद पंडित कहते हैं, 'स्वातंत्र्य वीर सावरकर' भारत के आज के युवाओं के लिए एक उपहार है। फिल्म के निर्माता ने कहा कि वह हमेशा से सावरकर के बारे में एक फिल्म बनाना चाहते थे क्योंकि वह उनसे गहराई से प्रेरित हैं। फिल्म 'स्वातंत्र्य वीर सावरकर' के ट्रेलर को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिलने के बाद, विनायक दामोदर सावरकर के जीवन और समय पर आधारित बायोपिक के निर्माता आनंद पंडित ने कहा कि 22 मार्च को फिल्म रिलीज होने के बाद इतिहास फिर से लिखा जाएगा। फिल्म आनंद पंडित मोशन पिक्चर्स के बैनर तले बनी है। आनंद ने कहा, मेरा मानना है कि वह देश में पैदा हुए सबसे महान राष्ट्रवादियों में से एक हैं। उनके बारे में और अधिक पढ़ने और उनके जीवन को समझने के बाद, मुझे उनकी उल्लेखनीय कहानी में गहरी प्रेरणा मिली। उनके बारे में एक फिल्म बनाना एक लंबे समय से संजोया गया सपना रहा है, और 'स्वातंत्र्य वीर सावरकर' उस आकांक्षा की प्राप्ति है।




### सावरकर को सच्ची श्रद्धांजलि

अभिनेता रणदीप हुडा द्वारा निर्देशित यह फिल्म सावरकर को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। फिल्म सावरकर की सच्ची कहानी को उजागर करेगी, जिससे लोगों को भारत के इतिहास में उनके योगदान और महत्व समझने का अवसर मिलेगा। पंडित ने सावरकर के सफल चित्रण के लिए रणदीप हुड्डा के समर्पण और शारीरिक परिवर्तन सहित उनके द्वारा की गई कड़ी मेहनत और प्रयासों की भी प्रशंसा की। इस फिल्म में अंकिता लोखंडे और अमित सियाल ने अन्य प्रमुख भूमिका निभाई हैं, जो दुनिया भर में हिंदी और मराठी भाषाओं में रिलीज़ होगी।



## कास्टिंग काउच का शिकार होते-होते बची थीं अंकिता

मुंबई। अंकिता लोखंडे को कास्टिंग काउच का सामना करना पड़ा था। इसके बाद उन्होंने कभी फिल्मों में काम न करने की इच्छा जताई थी। एक इंटरव्यू में, अंकिता ने शेयर किया कि जब वह फिल्म के लिए साइनिंग अमाउंट लेने गई तो उनसे कहा गया कि उन्हें निर्माता के साथ कॉम्प्रोमाइज होगा। अंकिता ने कहा, एक साउथ फिल्म के लिए बॉम्बे में मेरे साथ ऐसा हुआ। मुझे फोन आया, आपका सलेक्शन हो गया है। मैंने ऑडिशन दिया था, मैंने कहा, ठीक है, मैं आ रही हूं। मुझे जाना है और सिर्फ साइन करना है। मैंने अपनी मां से कहा, 'मैं फिल्म साइन करने जा रही हूं। मुझे साइनिंग अमाउंट मिल जाएगा। हालांकि, मैं असमंजस में थी कि यह इतनी आसानी से कैसे हो गया, मेरी किस्मत इतनी अच्छी नहीं है। जब मैं वहां गई, तो मुझे कमरे के अंदर अकेले बुलाया गया, जबकि मेरे साथ वाले को बाहर इंतजार करने के लिए कहा गया। उन्होंने कहा, आपको समझौता करना होगा। मैं उस समय सिर्फ 19 साल की थी।

# लाइटें जलती नहीं, पानी साफ आता नहीं, सिवरेज के गंदे पानी से गलियों की हालत हो चुकी खराब

## बवानी खेड़ा में समस्याओं के लगे अंबार, नहीं हुआ कोई सुधार

**बवानी खेड़ा शहर में समस्याओं के अंबार लगे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा शहर में समस्याओं से लोग जूझ रहे हैं। एक बार नजर डाली जाए तो वहीं समस्याओं के अंबार लगे दिखाई देते हैं। वह समस्या तहसील कार्यालय से शुरू होकर हांसी चुंगी तक व पूरे शहर में केवल इन्हीं की चर्चा आम हो चुकी है।

शहर की छोटी सरकार से लेकर बड़ी सरकार द्वारा करवाए जाने वाले विकास कार्य कितने हुए आए दिन लोग उसी पर चर्चा करते हुए नजर आते हैं बुद्धिजीवी, जागरूक लोगों के अपने विचार सांझा किए।

### सरकार कर रही पक्के काम



समाजसेवी, पार्षद प्रतिनिधि एवं भाजपा नेता जगदंबा महता ने बताया कि भाजपा सरकार में विकास कार्य हुए हैं। विधायक बिसंबर वाल्मीकि स्वयं हलके में विकास कार्य करवाने पर बल देते हैं। बिजली को लेकर विभाग द्वारा रणनीति बनाई जा रही है। हालालिया डिवाइडर पर करोड़ों रूपयों से सौंदर्यकरण किया गया है।

### मार्किट में छा जाता अंधेरा



समाजसेवी एवं सामाजिक संस्था से जुड़े मनीष शंकर ने बताया कि शहीद गुलाब सिंह पार्क की चार दिवारी टूटी हुई है जिसको लेकर कितनी बार शिकायतें दी लेकिन कोई गौर नहीं हुआ इसके अलावा मार्किट में हाई मास्ट लाइटें खराब है सांय ढ़लते ही अंधेरा छा जाता है। गंदगी का बुरा हाल है। बेजुबान पशु सड़कों पर घूमते हुए नजर आते हैं।

### शहर का तो भट्ठा बेठ लिया



समाजसेवी निशीकांत पारासर ने बताया कि पुराना हलका होने, पुरानी तहसील होने के बावजूद भी दादूनगरी के लोग विकास की बाट जोह रहे हैं लेकिन विकास कितना हुआ है किसी छिपा नहीं है। कुछ पार्षद शहर को नया लुक देना चाहते थे लेकिन उनके रास्तों में इस कद्र राजनीति की बिसात बिछाई गई कि कोई कहीं का नहीं रहा और विकास पर ब्रेक लग चुके हैं।

### ठोस उम्मीदवार कर सकता है भला




समाजसेवी एवं अधिवक्ता संजय महता ने बताया कि जिसके पास सता की पावर आई उसने उसे वैसा ही प्रयोग किया लेकिन दादू नगरी के लोग शांतप्रिय और भरोसेमंद हैं। इसलिए छोटी सरकार हो या बड़ी सरकार लोग एकजुट होकर जिस पर भी विकास कायोंर् की बात खोलकर अंगुली रखेगें तो विकास कार्य जरूर होंगें। वे स्वयं लोगों से मिलकर जन संपर्क अभियान चलाए हुए हैं।

## खबर संक्षेप

### नुकसान की भरपाई करेगी सरकार : चौटाला



**भिवानी/लोहारू।** जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला ने कहा है कि हाल ही में हुई बरसात और ओलावृष्टि से हुए नुकसान से किसी भी किसान को चिंता करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्रभावित किसान के नुकसान की गठबंधन सरकार भरपाई करेगी, इसके लिए सरकार ने स्पेशल गिरदावरी का काम 15 मार्च तक बढ़ा दिया है। वे मंगलवार को भिवानी जिले के लोहारू हलके में दौरे के दौरान ग्रामीणों को संबोधित को संबोधित कर रहे थे।



### छात्राओं के लिए औद्योगिक भ्रमण का किया आयोजन

**भिवानी।** वैश्य महाविद्यालय भिवानी के स्वपोषित विभाग के द्वारा बीबीएबी कामएम कॉम के विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय औद्योगिक भ्रमण का आयोजन किया गया। जिसमे स्वपोषित विभाग के 60 विद्यार्थियों ने प्रमुख औद्योगिक संस्थान भिवानी टेक्सटाइल्स मिल का भ्रमण करते हुए प्रशासनिक,उत्पादन,पेकिंग, भंडारण व मार्केटिंग के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल की।



### शिक्षा बोर्ड ने किया पांच शिक्षकों को सम्मानित

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के निर्देशन में शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए कक्षा 9वीं से 12वीं के लिए पाठ्यक्रम पाठ योजना, प्रश्न पत्र डिजाइन, मॉडल प्रश्न पत्र और चरणवार अंकन योजना तैयार करने में अत्यधिक योगदान करने पर हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. वीपी यादव ने राजकीय मॉडल संस्कृति वमा विद्यालय के रसायन प्रवक्ता राकेश कुमार, भौतिक प्रवक्ता अनिल अरोड़ा, गणित प्रवक्ता गुरदीप सिंह, संस्कृत प्रवक्ता जितेंद्र सिंह, फाइन आर्ट प्रवक्ता बबीता राय को प्रमाण-पत्र व 11000 रुपये देकर सम्मानित किया।

### बीपीएल परिवारों को मिलेगी आर्थिक मदद

**चरखी दादरी।** हरियाणा अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा सभी बीपीएल परिवारों को डॉ बीआर आंबेडकर आवास नवीनीकरण योजना के तहत मकान मरम्मत के लिए 80 हजार रुपये की आर्थिक मदद दी जा रही है, अभी तक ये लाभ केवल अनुसूचित जाति के बीपीएल परिवारों को ही दिया जा रहा था, लेकिन पिछले वर्ष प्रदेश सरकार ने योजना में बदलाव करते हुए इसमें सभी बीपीएल परिवारों को शामिल करने का निर्णय लिया गया है। उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि सरकार ने योजना के तहत लाभार्थियों का दायरा बढ़ाने के साथ साथ योजना के तहत मिलने वाली राशि को भी 50 हजार से बढ़ाकर 80 हजार कर दिया गया है।

## विजेता युवा कलाकारों को किया सम्मानित

# एनएसएस अधिकारी डॉक्टर कामना को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



**भिवानी।** आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक।

समाज व राष्ट्र को समर्पित नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति एवं सदाचारी शिक्षा समिति के द्वारा हनुमान ढाणी स्थित विवेकानंद हाई स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को लेकर नारी शक्ति जन जागरण सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नारी सशक्ति जन जागरण अभियान के प्रथम चरण में वैश्य महाविद्यालय की एनएसएस अधिकारी डॉक्टर कामना कौशिक को सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि डॉक्टर कामना कौशिक ने जो दिव्यांग होते हुए भी शिक्षा के क्षेत्र में अलख जगाने का काम किया है। समय समय पर युवाओं एवं युवतियों को उन्होंने समाज और राष्ट्र की परिधि से जोड़ कर जीवन जीने की कला सिखाई है। डॉक्टर कामना कौशिक ने अनेक विधाओं में साहित्य की रचना की है, समाज और राष्ट्र तथा शिक्षा के क्षेत्र में उनके कविता और गद्य संग्रह विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। नारी सशक्ति जागरण अभियान के तहत डॉक्टर कामना कौशिक का पुष्पवर्षा और फूल मालाओं के साथ सम्मान किया गया और वही विवेकानंद हाई स्कूल के नन्हे मुन्ने विद्यार्थियों ने गीता के 18 श्लोक का उच्चारण कर नारी शक्ति का अभिनंदन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की संयोजक सावित्री यादव,शिक्षाविद डॉक्टर कामना कौशिक एवं कार्यक्रम के आयोजक राष्ट्रीय युवा पुरस्कार अवॉर्डी अशोक कुमार भारद्वाज ने कहा कि हर वर्ष की भांति इसवर्ष भी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को लेकर नारी सशक्ति जन जागरण अभियान शुरू किया गया है। कहा कि एक सप्ताह तक नारी शक्ति के उत्थान के लिए जन जागरण अभियान चलाया गया है। जिसके तहत नारी के सम्मान को लेकर अनेक कार्यक्रम रहेंगे। 8 मार्च को होगा संघर्षशील महिलाओं का सम्मान समारोह। उन्होंने कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में अपना हुनर दिखा रही हैं और समाज के विकास में योगदान दे रही हैं। महिलाओं की भागीदारी को हर क्षेत्र में बढ़ावा देने और महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने के लिए हर वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि संस्था के द्वारा इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2024 इंस्पायर इंक्लूजन थीम के साथ मनाया जा रहा है,जिसके तहत नारी सशक्तिकरण अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जाएगा।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्या समी यादव, शिक्षाविद ग्रेसी मैथ्यू,महिला सामाजिक कार्यकर्ता अंजु शर्मा,समाजसेविका उर्मिला सैनी, शिक्षाविद कविता देवी, संस्कृत अध्यापिका सुमित मलिक,शिक्षाविद बबीता देवी, रामा सैनी, सुभाष देवी,अनिता सैनी,मास्टर कपिल वर्मा,मास्टर अमित कुमार,विज्ञान अध्यापक रिंकू सहजलान सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एनएसएस अधिकारी एवं शिक्षाविद डॉक्टर कामना कौशिक के सम्मान में उपस्थित रही।

# स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी

- जेसीआई वूमैन वीक में शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य सेमिनार का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



जेसीआई भिवानी स्टार द्वारा मनाए जा रहे जेसीआई वूमैन वीक के दूसरे दिन मंगलवार को वैश्य महाविद्यालय में शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य विषय पर सेमिनार का आयोजन किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से चौधरी बंसीलाल नागरिक अस्पताल से डॉ. सुमन पन्नु एवं डॉ. जगदीश जांगड़ा पहुंचे, जिन्होंने विद्यार्थियों को शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता वैश्य कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने की। जेसीआई के सचिव कपिल शर्मा ने बताया कि वूमैन वीक के अंतर्गत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि युवाओं को अहम मुद्दों के बारे में जरूरी जानकारियां प्रदान की जा सके।

इसी कड़ी में शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य विषय पर सेमिनार का आयोजन किया। सचिव कपिल शर्मा ने कहा कि जितना शारीरिक स्वास्थ्य आवश्यक है, उससे कहीं अधिक मानसिक स्वास्थ्य भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि लोगों को मानसिक रोगों के प्रति अधिक जागरूक होने की आवश्यकता है, क्योंकि आज हर घर में कोई व्यक्ति किसी न किसी कारण से तनाव में हैं।

### स्वयं सहायता समूहों को पीएम करेंगे संबोधित

**चरखी दादरी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज देश भर में लखपति दीदी कार्यक्रम को लेकर आयोजित सम्मेलन में स्वयं सहायता समूह की सदस्यों को वर्चुअल रूप से संबोधित करेंगे, जिसके चलते खंड व जिला स्तर से लेकर राज्य स्तर पर कार्यक्रम आयोजित होंगे।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल करनाल में लखपति दीदी सम्मेलन में शामिल होंगे। उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम लघु सचिवालय में आयोजित किया जाएगा और जिला के सभी ब्लाकों में खंड स्तरीय कार्यक्रम आयोजित होंगे। सरकार द्वारा पूरे देश में स्वयं सहायता समूह को आत्मनिर्भर बनाने के लिए नमो ड्रोन दीदी योजना की शुरूआत की गई है।

### पवित्रता के लिए नकारात्मक विचारों का त्याग करें: बीके सुमित्रा



**भिवानी।** गांव पालुवास स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज की गीता पाठशाला में महाशिवरात्री उत्सव के दौरान परमात्मा शिव ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में सिद्धिधाम प्रमुख राजयोगिनी बीके सुमित्रा, बीके आरती, बीके प्रेम व अन्य ब्रह्मावत्सों ने शिव ध्वज फहराते हुए पूर्ण पवित्रता का संकल्प लिया। राजयोगिनी बीके सुमित्रा ने कहा कि महाशिवरात्री महोत्सव के दौरान मनुष्य को पवित्र मन व पवित्र चरित्र के लिए नकारात्मक विचारों नकारात्मक विचारों को समाप्त करने की प्रतिज्ञा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि पर्व परमपिता परमात्मा शिव के कलियुग के अंत और सतयुग के आदि से पूर्व वर्तमान संगमयुग पर किए गए दिव्य एवं आलौकिक कर्मों का यादगार पर्व है। सृष्टि चक्र के अविनाशी ड्रामानुसार जब चारों ओर अधर्म, पापाचार, भ्रष्टाचार, अनाचार, कदाचार का तांडव नृत्य होने लगता है, प्रत्येक मनुष्य आत्मा पतित एवं विकारी बन जाती है तो परमात्मा शिव परमधाम से साकार लोक में अवतरित होकर ईश्वरीय ज्ञान और सहज राजयोग की शिक्षा देकर इस सृष्टि का पूर्ण परिवर्तन करा देते हैं।

# भगीरथमल बुवानीवाला को दी श्रद्धांजलि

- स्व. भगीरथमल बुवानीवाला की 31वीं पुण्यतिथि के अवसर पर बुवानीवाला बगीची में किए गए श्रद्धांसुमन अर्पित।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



**भिवानी।** स्व. सेठ भागीरथमल के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

स्व. सेठ भागीरथमल बुवानीवाला विकास पुरुष थे। विकास के लिए उन्होंने हर क्षेत्र में चाहे वो शिक्षा,समाज,मानव कल्याण, गौसेवा के लिए समर्पण भाव से कार्य किया। धार्मिक कार्यों में भी वे हमेशा आगे रहते थे। ये शब्द स्व. भगीरथमल बुवानीवाला स्मृति समिति के अध्यक्ष डॉ. पवन बुवानीवाला ने स्व. भगीरथमल बुवानीवाला की 31वीं पुण्यतिथि के अवसर पर बुवानीवाला बगीची में उनके समाधी स्थल पर श्रद्धांसुमन अर्पित करते हुए उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों को सम्बोधित करते हुए कही। श्रदांजलि सभा में स्व. भगीरथमल के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर प्रबुद्ध नागरिको ने अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए । डॉ. हमें चाहिए कि अपने बुजुर्गों के दिए गए संस्कारों का अनुसरण करते हुए निरन्तर प्रगति के पथ पर आगे बढते रहें। स्व. भागीरथमल बुवानीवाला के सुपुत्र सुशील बुवानीवाला ने कहा कि पूर्व मुख्यमन्त्री स्व. बनारसी दास गुप्त एवं स्व, भगीरथमल बुवानीवाला ने शिक्षा रूपी जो पौधा उस समय लगाया।

### सीएम मनोहर कल देंगे परियोजनाओं की सौगात

**चरखी दादरी।** जिला के लोगों को लगभग 180 करोड़ रूपए की लागत की परियोजनाओं की सौगात मिलने जा रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल वीडियो कांफ्रेंस से 20 परियोजनाओं का उद्घाटन और 10 परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि दादरी के लोगों को कई बड़ी परियोजनाओं का लाभ मिलने वाला है। कल यानी 7 मार्च को मुख्यमंत्री मनोहर लाल वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जिला को लगभग 180 करोड़ रूपए की विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। इनमें मुख्य तौर पर बाढड़ा ब्लॉक के 35 गांवों के लिए तैयार पेयजल योजना शामिल है, जिसपर लगभग 112 करोड़ रुपये की लागत आया है।

# भाजपा ने किया अधिकारों का हनन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी



**चरखीदादरी।** खाप व किसान संगठनों के धरने को संबोधित करती श्रुति चौधरी।

किसान आंदोलन के समर्थन में समसपुर के समीप खाप व संगठनों का धरना बुधवार को पांचवें दिन भी जारी रहा। पूर्व सांसद श्रुति चौधरी ने धरनास्थल पर पहुंचकर आंदोलन का समर्थन किया।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने जिस तरह से किसानों के अपनी मांगों को लेकर दिल्ली कूच को रोकने के लिए सड़कों पर कीलें ठोंकी, सीमेंट के बैरिकेट व लाठियां, गोलियां चलाई है है जनता के अधिकारों का हनन है। उन्होंने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 19 की धारा के अनुसार कोई भी अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर सकता है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार तानाशाही रवैया से किसानों के शांतिपूर्वक आंदोलन को बदनाम करने की कोशिश कर रही है और किसानों पर ज्यादती कर रही है। उन्होंने ने कहा कि भाजपा ने अपने घोषणापत्र पत्र में स्वामीनाथन आयोग रिपोर्ट लागू करने का वादा किया था, मगर अब किसानों की जायज मांगों को पूरा करने की असमर्थता दिखा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने काला धन वापिस लाने और हर साल दो करोड़ युवाओं को रोजगार का वादा किया था। मगर सब झूठ साबित हुआ। श्रुति ने कहा कि भाजपा 2024 के लोकसभा चुनाव में 400 सीटों का दावा कर रही है, ये जनता को गुमराह करने का प्रयास है।

### राजबाला आंगनवाड़ी वर्कर्स एंड हेल्पर यूनियन की प्रधान बनीं

**भिवानी।** आंगनवाड़ी वर्कर एंड हेल्पर यूनियन का 5 मार्च को जिला सम्मेलन संपन्न हुआ, जिसमें राजबाला शर्मा ने संचालन किया और राजबाला निनान की अध्यक्षता रही। सम्मलेन में सीटू नेता अनिल व रत्नकुमार जिंदल ने संगठन को मजबूत करने के लिए अपील की और राजबाला शर्मा ने सचिव की रिपोर्ट पढ़ी और प्रिया शर्मा ने अपने वित्त की रिपोर्ट पढ़ी। सम्मेलन में नौ मार्च को जींद रैली में जाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि वर्कर एंड हेल्पर को 16 व 17 मार्च को राज्य सम्मेलन में सिरसा में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया तथा सिरसा में राज्य सम्मेलन में हिस्सा लेने का आह्वान किया।

### किरण चौधरी संग रेणु बाला ने कार्यकर्ताओ का जाना हालचाल



**बवानीखेड़ा।** कांग्रेस नेता किरण चौधरी ने बवानीखेड़ा खण्ड के गांव किरावड और भुरटाना का दौरा कर कार्यकताओं का हालचाल जाना । गांव किरावड पहुंचने पर पूर्व जिला पार्षद रेणुबाला ने गांव के लोगों के साथ मिलकर किरण चौधरी का फूल माला और पगड़ी पहनाकर स्वागत किया । कांग्रेस नेत्री रेणुबाला ने किरण चौधरी व श्रुति चौधरी को हरियाणा का सच्चा हितेषी बताया। उन्होंने कहा कि मैडम किरण चौधरी और श्रुति चौधरी के नेतृत्व में ही हरियाणा प्रदेश तरक्की कर सकता है । वहीं रेणुबाला ने बताया कि मैडम के गांव किरावड और भुरटाना के जनसंपर्क अभियान के दौरान अनेक लोगों ने मैडम पर भरोसा जता कांग्रेस पार्टी 'वाइन की है। आज जनता मौजूद सरकार की नीतियों से तंग आ चुकी है। लोगों को पीपीपीए बिजली बिलएपानी ए रोजगार के मुद्दों पर हर रोज तरह तरह की परेशानियां झेलनी पड़ रही है। मैडम किरण चौधरी ने हरियाणा के हक और जरूर के लिए राजस्थान को पानी देने के एमओयू पर एतराज जताया है ।

## ग्राम स्वराज्य किसान मोर्चा ने चलाया अभियान

# वीटा मिल्क प्लांट बचाने की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



- पिछले आठ माह से बकाया दूध उत्पादक किसानों का भुगतान करवाए सरकार : गोदारा

ग्राम स्वराज्य किसान मोर्चा ने कस्बा सिवानी के एसडीएम विरेंद्र सिंह के माध्यम से प्रदेश सरकार को मांगपत्र सौंपते हुए वीटा मिल्क प्लांट बचाने की मांग उठाई। मांगपत्र के माध्यम से मोर्चा के प्रदेश महासचिव महेंद्र सिंह गोदारा ने कहा कि बीते तीन-चार वर्षो से वीटा में दूध देने वाले दूध उत्पादों को समय पर भुगतान नहीं किया जा रहा, जबकि वीटा का नियम है कि हर 10 दिन बाद भुगतान करना जरूरी है, लेकिन इसके बावजूद भी पिछले 8 माह से दुध उत्पादकों का भुगतान बकाया है। गोदारा ने कहा कि बकाया भुगतान की मांग को लेकर मिल्क प्लांट के दूध उत्पादक किसान बार-बार धरना प्रदर्शन कर सरकार को चेताने का प्रयास कर रहे है। इसी जींद मिल्क प्लांट में एक भी सप्ताह तक ताला लगाकर रोष जताया गया था। गोदारा ने कहा कि इसके बावजूद भी सरकार गंभीर मुद्दे पर ध्यान नहीं दे रही। इस समय दूध के दाम घटाए जा रहे है। ऊपर से सरकार बिना सोचे-समझे किसानों को दूध डेयरियों में कमाई का लालच देकर बड़े-बड़े कर्ज देकर डेरिया बनवा रही है, जबकि इस समय दूध भी नहीं बिक रहा तथा समय पर भी भुगतान भी नहीं किया जा रहा। इस मौके पर मोर्चा के युवा प्रदेश अध्यक्ष युद्धवीर मंगल सिंह खरेटा ने कहा कि वीटा मिल्क प्लांट बचाओ अभियान के तहत नुक्कड़ सभाएं कर दूध उत्पादक किसानों को जागरूक किया जाएगा। इसके अलावा प्रदेशभर के एसडीएम के माध्यम से मांगपत्र सौंपे जाएंगे। इस मौके पर सिवानी बार एसोसिएशन के उपप्रधान धमेर्ंद्र महिया, राजीव श्योराण, एडवोकेट सोनू पिलानिया, नंबरदार ओमप्रकाश, संतलाल बख्तावरपुर आदि मौजूद रहे।

# कार्यक्रमों में सुनाया जाएगा पीएम नरेन्द्र मोदी का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

छह मार्च को प्रत्येक खंड स्तर पर लखपति दीदी महासम्मेलन कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन कायक्रमों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संदेश सुनाया जाएगा। लखपति दीदी महासम्मेलनों में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी स्वयं सहायता समूह की महिलाएं भाग लेंगी। जिला मुख्यालय पर बाल भवन वाटिका में जबकि खंड स्तर पर बीडीपीओ कार्यालय परिसर में कार्यक्त्रम आयोजित होंगे।

एडीसी हर्षित कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने को लेकर ड्रोन दीदी महासम्मेलन कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों में सुबह साढ़े नौ बजे से 10 बजे तक महासम्मेलन में शामिल होने वाली स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का पंजीकरण किया जाएगा।

**सूचना**

मैं, रमेश पुत्र श्री रणसिंह निवासी गांव दुल्हेड़ी तह. तोशाम जिला भिवानी, हरियाणा का स्थाई निवासी हूं। मैंने अपना नाम रमेश से बदलकर रमेश कुमार रख लिया है। भविष्य में मुझे रमेश कुमार के नाम से जाना, पढ़ा व समझा जाए।

## खबर संक्षेप



### फन एंड स्पोर्ट्स-डे कार्यक्रम का आयोजन

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के सिटी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में खेल दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें प्राचार्य मनमोहन सिंह फौगाट ने अपनी उपस्थिति दर्ज कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिसमें पहली से पांचवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने अलग.अलग प्रकार की दौड़ में हिस्सा लिया। बाधा दौड़, नींबू दौड़, बोरी दौड़, सवाल हल दौड़, फुटबॉल दौड़, थ्री लैग रेस तथा स्कूल के लिए तैयार होना आदि प्रतियोगिताओं में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



**भिवानी।** बीआरसीएम में विद्यार्थियों को वोट बनवाने व मतदान करने की शपथ दिलवाते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

### वोट बनवाने व मतदान करने की दिलवाई शपथ

**बहल।** जीडीसी महाविद्यालय में चुनावी साक्षरता संघ व राजनीतिक विज्ञान विभा के तत्वाधान में मेरा पहला वोट देश के लिए थीम पर कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में उपस्थितजनों को वोट की महत्ता के बारे में बताया और मतदान के लिए प्रेरित कर मतदान करने की शपथ दिलवाई। मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य व संस्थान निदेशक डॉ. एसके सिन्हा ने की।

### धरना देकर उपायुक्त को देंगे मांगपत्र: गौड़

**तोशाम।** हरियाणा गवर्मेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्करज यूनियन संबंधित हरियाणा संयुक्त कर्मचारी संघ के राज्य प्रेस प्रवक्ता व ब्रांच प्रधान कर्ण सिंह लाम्बा व ब्रांच सचिव संदीप गौड़ ने बताया कि इंडियन पब्लिक सर्विस इम्पलाइज फेडरेशन के आह्वान पर 6 मार्च को हरियाणा संयुक्त कर्मचारी संघ पुरानी पेंशन की बहाली, 8वें वेतन आयोग के गठन, आउटसोर्सिंग, वर्कचार्ज दैनिक वेतन भोगी, ठेकेदारी प्रथा, कौशल रोजगार निगम और 21 सूत्रीय मांगपत्र प्रधानमंत्री मोदी भारत सरकार व मुख्यमंत्री मनोहरलाल के नाम उपायुक्त के मार्फत भिजवाया जाएगा।

## सिलेबस से बाहर प्रश्न पूछने पर 30 ग्रेस मार्क्स देने की मांग

# एचटेट अभ्यर्थियों ने शिक्षा बोर्ड मुख्यालय पर किया प्रदर्शन

फॉर्मूले के तहत 80 अंक वाला परीक्षार्थी पास है लेकिन 89 वाला फेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड मुख्यालय पर सोमवार को प्रदेश भर से हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा 2023 के परीक्षार्थियों ने बोर्ड से ग्रेस मार्क्स में 30 अंक की मांग की है। शिक्षा बोर्ड मुख्यालय पर परीक्षार्थियों ने रोष प्रदर्शन किया और बोर्ड प्रशासन से इस मांग को पूरा किए जाने को लेकर नारेबाजी की। इस दौरान एचटेट परीक्षा देने वाले युवाओं ने कहा कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने परीक्षा से एक माह पहले ही वेबसाइट पर सिलेबस डाल दिया था, मगर परीक्षा पुराने पैटर्न से ही कराई गई। बोर्ड की वेबसाइट पर डाले गए सिलेबस के हिसाब से 15 अंक की अंग्रेजी और 15 अंक की हिंदी व्याकरण से संबंधित प्रश्न पूछे जाने थे, लेकिन परीक्षा पुराने पैटर्न से ही कराई गई। जिसमें दिए गए सिलेबस के प्रश्न पूछे ही नहीं गए।

अमित यादव और कृष्णा एचटेट अभ्यर्थी ने संयुक्त रूप से कहा कि परीक्षार्थी भी नए सिलेबस के हिसाब से तैयारी कर परीक्षा देने गए थे, उन्हें परीक्षा के दौरान इस तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ा। परीक्षार्थियों को बोर्ड प्रशासन द्वारा अब 30 अंक का ग्रेस मार्क्स दिए जाएं। उन्होंने बताया कि बोर्ड ने भाषा के 30 अंक देने का नया फॉर्मूला बनाया था जो परीक्षा देने वाले के हित में नहीं है। फॉर्मूला के तहत 89 अंक वाला फेल है तो 80 वाला पास है। एचटेट 2023 अभ्यर्थियों ने उदाहरण देते हुए कहा कि 2017 में भी बोर्ड ने इसी तरह की गलती की थी, उस समय भी बोर्ड प्रशासन की तरफ से 21 अंक ग्रेस मार्क्स मिले थे। 2023 एचटेट को लेकर अभ्यर्थियों को इस तरह की दिक्कतें झेलनी पड़ी हैं।उन्होंने कहा कि जल्द उन्हें ग्रेस मार्क्स दें नहीं तो वे पीछे हटने वाले नहीं है,हर सम्भव प्रयास करने के लिए तैयार हैं। एचटेट अभ्यर्थियों पर थौंपा गया फार्मूला शिक्षा बोर्ड की अपारदर्शिता व तानाशाही : ग्रोवर

पाठ्यक्रम से बाहर हिंदी व अंग्रेजी भाषा के प्रश्न पत्र आने पर कृपा अंक की मांग कर रहे एचटेट अभ्यर्थियों की मांग जायज है। इसके लिए हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड पूरी तरह से जिम्मेवार है। यह बात सेवानिवृत्त ईटीओ अधिवक्ता कुलदीप ग्रोवर ने कही। वे मंगलवार को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के सामने कृपा अंक देने की मांग को लेकर धरने पर बैठे एचटेट अभ्यार्थियों को समर्थन देने के लिए पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि एचटेट के विद्यार्थियों को पाठयक्रम से बाहर का प्रश्न पत्र सौंपने के बाद बोर्ड को नैतिकता के आधार पर कृपा अंक देने चाहिए थेए लेकिन दोहरी नीति के चलते एचटेट अभ्यार्थियों के भविष्य पर सवालिया लग गया है। उन्होंने कहा कि एचटेट अभ्यार्थियों पर थौंपा गया फार्मूला बोर्ड प्रशासन की अपारदर्शिता व तानाशाही को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि एचटेट अभ्यार्थी परीक्षा के बाद से निरंतर कृपा अंक देने की मांग कर रहे हैए लेकिन बोर्ड ने हठधर्मिता अपनाई है। इतना ही नहींए पीड़ित अभ्यार्थियों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को भी ज्ञापन भेजा है। उसके बाद भी कोई संज्ञान नहीं लिया गया। अब आम आदमी आसानी से यह समझ सकता है कि रोजगार देना तो दूरी की बात प्रश्न पत्र में बोर्ड की गलती होने के बाद अभ्यार्थियों के साथ किस प्रकार का व्यवहार किया जा रहा है तो ऐसी सरकार से किस तरह की उम्मीद की जा सकती है। उन्होंने सरकार व बोर्ड प्रशासन से समय रहते एचटेट अभ्यार्थियों को सम्मानजनक तरीके से कृपा अंक प्रदान किए जाएए ताकि वे भी प्रतिस्पर्धा में बने रह सकें।



**भिवानी।** शिक्षा बोर्ड के आगे धरने पर बैठे एचटेट के अभ्यर्थी।

# अधिवक्ता गुप्ता पुनः बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



■ शिवरतन गुप्ता को तीसरी बार फिर चुना गया अध्यक्ष

तीन वर्ष की अवधि पूर्ण होने पर नियमानुसार वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के चुनाव आयोजित किए गए,जिसमें सर्वसम्मति से प्रसिद्ध इनकम टैक्स अधिवक्ता शिवरतन गुप्ता को तीसरी बार आगामी 3 साल के लिए ट्रस्ट के अध्यक्ष पद का कार्यभार सौंपा गया। सभी उपस्थित ट्रस्टियों का यह मानना था कि वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट 2017 से शिवरतन गुप्ता की अध्यक्षता में लगातार प्रगति पथ पर अग्रसर है, उनके द्वारा अध्यक्ष के रूप में दिए जा रहे दिशानिर्देशों की पालना करते हुए ट्रस्ट भिवानी जिले व आसपास के ग्रामीण अंचल में शिक्षा के प्रचार प्रसार के अपने उद्देश्य को भलीभांति क्रियान्वित कर रहा है। इस अवसर पर शिवरतन गुप्ता ने कहा कि सभी ट्रस्टियों ने उन पर जो विश्वास अभिव्यक्त किया है उसका मान रखते हुए वे वैश्य समाज के पूर्वजों द्वारा शिक्षा रूपी प्रकाश के लिए बनाई गई संस्था वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के नाम व काम को पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ आगे बढ़ाने में वे कोई कसर नहीं रखेंगे। इन चुनावों में प्रसिद्ध उद्योगपति अजय गुप्ता ट्रस्ट के उपाध्यक्ष, प्रसिद्ध पवन कुमार बुवानीवाला महासचिव तथा प्रमुख व्यवसायी विजय किशन अग्रवाल ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष चुने गए। सभी उपस्थित ट्रस्टियों ने नव चयनित पदाधिकारियों को बधाई व साधुवाद दिया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की। महासचिव पवन कुमार बुवानीवाला ने कहा कि वे गत अनेक साल से ट्रस्ट के महासचिव के रूप में कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर बृजलाल सर्राफ, पुरुषोत्तम दास अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल एवं सुरेश गुप्ता उपस्थित रहे।

# वोट बनाने के लिए चलेगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

स्वीप कार्यक्रम के जिला नोडल ऑफिसर एवं अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. जयेन्द्र सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत योग्य युवाओं का नाम मतदाता सूची में शामिल करने और ज्यादा से ज्यादा युवा मतदाताओं द्वारा अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए चुनाव आयोग द्वारा स्वीप अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत युवाओं को वोट बनवाने व मताधिकार के उपयोग करने के लिए चुनाव आयोग द्वारा बड़े कदम उठाए जा रहे हैं।

■ 18 वर्ष की आयु से अधिक का कोई भी छात्र वोट बनवाने से वंचित ना रहे

जिला नोडल ऑफिसर की अगुवाई में मंगलवार को जनता कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित किया। एडीसी ने कहा कि पात्र युवाओं के वोट बनवाने और मतदान जागरूकता को लेकर विशेष अभियान चलाया जाए, जिसमें सभी शिक्षण संस्थाएं सक्रियता के साथ भाग लें और सुनिश्चित करें कि 18 वर्ष की आयु से अधिक का कोई भी छात्र वोट बनवाने से वंचित ना रहे। उन्होंने कहा कि इस बात को युवाओं को समझना होगा कि लोकतंत्र में भागीदारी से लोकतंत्र मजबूत बनता है और एक जनवरी 2024 को 18 साल की उम्र पूरी कर चुके प्रत्येक युवक को अपना वोट बनवाते हुए वोट के अधिकार का उपयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवा इलेक्शन कमीशन की वेबसाइट व मोबाइल एप वोटर हेल्पलाइन द्वारा वोटर कार्ड के लिए आवेदन कर सकते हैं।



**चरखी दादरी।** मतदाता जागरूकता रैली को झंडी दिखाकर रवाना करते अतिरिक्त उपायुक्त। फोटो : हरिभूमि

## चौधरी बंसीलाल महिला कॉलेज की स्वयंसेविकाओं ने निकाली रैली




**तोशाम।** चौधरी बंसीलाल राजकीय महिला महाविद्यालय में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर के दूसरे दिन मंगलवार सुबह कार्डियो एक्सरसाइज व योग आसन से शुरूआत की। तत्पश्चात महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. मंजीत सिंह के निर्देशन में मतदान जागरूकता पर महत्वपूर्ण चर्चा की गई और स्वयंसेविकाओं को मतदान करने की शपथ दिलवाई गई। इस दौरान स्वयंसेविकाओं ने चौधरी सुरेंद्रसिंह चौक तक जागरूक मतदाता रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया। इस दौरान प्राचार्य डॉ. मंजीत सिंह ने कहा कि अपनी सरकार को नियंत्रित करने के लिए मतदान एक महत्वपूर्ण तरीका है, मतदान से आपको बेहतर शासन मिलता है उन्होंने कहा कि एक ऐसा लोकतंत्र जो स्वतंत्र, निष्पक्ष और प्रतिनिधित्वपूर्ण हो मतदान से ही मिल सकता है।

# विकास के लिए अपनी राजधानी जरूरीः चोपड़ा

■ अपनी राजधानी अपना हाईकोर्ट को लेकर व्याख्यान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

अपनी राजधानी अपना हाईकोर्ट अपनी धरती पर बनाने को लेकर छेड़े गए जागरूकता अभियान के तहत आज भिवानी बार में एक व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें भारत सरकार के पूर्व उपसचिव महेंद्र कुमार चोपड़ा व हरियाणा बनाओ अभियान के संयोजक एडवोकेट रणधीर सिंह बधरान ने उपस्थित वकिलों, सामाजिक कार्यकर्ताओं व बुद्धिजीवियों को संबोधित किया।

व्याख्यान के दौरान एम एस चोपड़ा ने हरियाणा में हरियाणा की राजधानी के निर्माण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अफसोस की बात की हरियाणा के गठन के 57 वर्ष बाद भी हम हरियाणा वासी अपनी राजधानी और अपने हाईकोर्ट से वंचित हैं जबकि आंध्रा जैसे राज्य में तो तीन राजधानियां बनाना प्रस्तावित है। राज्य की नई राजधानी का निर्माण इस समस्या के समाधान में अहम भूमिका निभाएगा गुरुग्राम की तरह, विदेशी और निजी कंपनियों द्वारा अरबों. खरबों रुपये के संभावित निवेश से लाखों विभिन्न प्रकार की नौकरियां पैदा होंगी।

उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश की विशिष्ट पहचान,सम्पूर्णता, प्रगति एवं प्रतिष्ठा के लिए दूसरी राजधानी एवं पृथक उच्च न्यायालय की स्थापना के लिए जन निष्ठा से कार्य करें। राज्य के सवांगीण विकास के लिए राजनीतिक, सांस्कृतिक, आर्थिक एवं सामाजिक शक्तियों का केन्द्रीकरण नितांत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हरियाणा अस्तित्व में तो आया लेकिन उसकी समृद्ध पहचान विकसित नहीं हो सकी। इसने अभी तक विशेष पहचान एवं पूर्णता प्राप्त नहीं की है।



**भिवानी।** आयोजित कार्यक्रम में मंचासीन मुख्यअतिथि व अन्य।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सत्यजीत पिलानिया अध्यक्ष जिला बार एसोसिएशन भिवानी, यश पाल सिंह राणा एडवोकेट सह संयोजक हरियाणा हरियाणा बनाओ अभियान, सुरेंद्र कुमार बैरागी पूर्व अध्यक्ष सरकार अधिवक्ता संघ बिमला चौधरी, रविकांत सैन एडवोकेट, वजीर सिंह, करण सिंह एडवोकेट, भारत भूषण बाल्मीकि एडवोकेट आदि विशेषतौर पर उपस्थित थे।

## गुप्ता भाविप तोशाम शाखा के अध्यक्ष बने

**तोशाम।** भारत विकास परिषद शाखा तोशाम की नई कार्यकारिणी के लिए चुनाव सोमवार देर शाम प्रांतीय योजन आत्मप्रकाश की अध्यक्षता में पंजाबी धर्मशाला में संपन्न करवाया गया। चुनाव प्रांतीय संयोजक चुनाव पर्यवेक्षक मुकेश रहेजा ने संपन्न करवाया। इस दौरान सर्वसम्मति से संजय गुप्ता को शाखा अध्यक्ष, ललित कुमार सीए को शाखा सचिव व योगेश कौशिक को शाखा कोषाध्यक्ष चुना गया। वहीं पदाधिकारियों की सहमति से प्रसिद्ध समाजसेविका डॉ. प्रोमिला शर्मा को शाखा महिला प्रमुख चुना गया। इस कार्य में मदनलाल शर्मा शाखा कोषाध्यक्ष शाखा विवेकानंद का भी सहयोग रहा। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष डॉ. रणसिंह, राजेंद्र पंघाल, तोशाम के सरपंच राजेश तंवर, सुरेंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

## वोट और पहचान पत्र की जानकारी के लिए 1950 टोल फ्री नंबर जारी

**भिवानी।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर निर्वाचन आयोग ने नागरिकों की सुविधा के लिए फोटोयुक्त मतदाता सूची व चुनाव से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए 1950 टोल फ्री नंबर जारी किया है। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नरेश नरवाल ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग व मुख्य निर्वाचन अधिकारी हरियाणा के निर्देशानुसार आमजन की सुविधा के लिए 1950 टोल फ्री नंबर स्थापित किया गया है। उन्होंने बताया कि यदि किसी भी मतदाता को वोटए पहचान पत्र इत्यादि से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी लेनी है तो वे इस नंबर पर जानकारी ले सकते हैं।

## भारतीय संस्कृति के संवाहक व महान समाज सुधारक थे स्वामी दयानंद



**भिवानी।** हलवासिया विद्या विहार में स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती के उपलक्ष्य में मासिक हवन यज्ञ का आयोजन किया। इस अवसर पर विद्यालय में सोनीपत से हरियाणा आर्य वीर दल के संचालक आचार्य संदीप पधारे, साथ ही रविंद्र आर्य, जनार्दन जोशी व नरदेव आर्य भी पधारे। विद्यालय प्रशासक डॉ. शमशेर सिंह अहलावत व प्राचार्य विमलेश आर्य ने उनका स्वागत सत्कार किया। तत्पश्चात दर्शनाचार्य संदीप ने विधिवत वैदिक रीति से अनुष्ठान करवाया। सभी अध्यापकों ने हवन यज्ञ में आहुतियां समर्पित की। आचार्य संदीप ने अपने उद्बोधन में महर्षि दयानंद सरस्वती के जीवन मूल्यों से परिचित करवाते हुए कहा वे भारतीय संस्कृति के संवाहक व महान समाज सुधारक थे।उस समय में समाज में व्याप्त सती प्रथा, बाल विवाह, जैसी कुरीतियों को दूर करने में उनका महत्वपूर्ण योगदान है उनसे प्रभावित होकर अनेक युवा देश के स्वतंत्रता आंदोलन मे कूद पड़े थे। उन्होंने कहा था कि 'माता निर्माता भवति' यदि माता सुशिक्षित और संस्कारित होगी तो वह कई पीढ़ियों का उपकार करेगी। आज भी उनकी प्रेरणा से स्थापित गुरुकूलों के माध्यम से श्रेष्ठ संस्कार लोगो को मिल रहे हैं। उन्होंने कहा इंसान के अंदर धैर्य, सहनशीलता, लचीलापन तथा आशावाद जैसे गुणों का समावेश होना चाहिए। प्राचार्य विमलेश आर्य ने दर्शनाचार्य संदीप द्वारा विद्यालय पधारने हेतु आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर उपप्राचार्या सरला शर्मा, काउंसलर मोहिनी महता, विभाग प्रमुख राजेंद्र नरूला,आदि मौजूद रहे।

## चुनाव आयोग द्वारा जारी मतदाता सूची में अपना नाम व अन्य विवरण जरूर देखें

**भिवानी।** लोकसभा चुनाव.2024 के मद्देनजर भारत चुनाव आयोग ने मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया है। सभी मतदाता समय रहते अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची में अपने नाम का अवलोकन कर लें ताकि उन्हें मतदान करने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। जिला निर्वाचन अधिकारी नरेश नरवाल ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मतदाता सूची में अपना नाम चेक करना बहुत ही आसान है। मतदाता सूची में ऑनलाइन अपने कंप्यूटर या मोबाइल से अपना नाम देख सकते हैं। मतदाता सूची में अपना नाम खोजने के लिए अपने राज्य एवं विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के नाम, अपना प्रथम एवं अंतिम नाम, जन्म तिथि और आयु इत्यादि की जानकारी देनी होगी। उन्होंने बताया कि यदि आप अपने कंप्यूटर के जरिए यह काम कर रहे हैं तो सबसे पहले चुनाव आयोग की वेबसाइट वोटरसडॉटईसीआईडाटजीओवीडॉटइन पर जाना होगा और इसमें दिख रहे सर्च इन इलेक्टोरल रोल ऑप्शन पर क्लिक करना होगा। इसके बाद आपकी स्क्रीन पर एक फार्म निकलेगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्पूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

## लखपति दीदी कार्यक्रमों के लिए एडीसी ने नियुक्त किए नोडल अधिकारी

**भिवानी।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में छह मार्च को आयोजित होने वाले लखपति दीदी महासम्मेलन कार्यक्रमों के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए हैं। खंड स्तर पर अधिकारियों को भी अलग.अलग जिम्मेवारी सौंपी है। एडीसी हर्षित कुमार ने बताया कि कि खंड लोहारू के लिए उपमंडल अधिकारी ;ना लोहारू अमित कुमार, खंड सिवानी के लिए उपमंडल अधिकारी ;ना विरेन्द्र सिंह, खंड तोशाम के लिए उपमंडल अधिकारी ;ना तोशाम हरबीर सिंह, भिवानी खंड के लिए बाल भवन वाटिका में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए जिला कार्यक्रम प्रबंधक भिवानी शिखा राणा, खंड बवानीखेड़ा के लिए बीडीपीओ सोमबीर कादयान, खंड बहल के लिए बीडीपीओ बहल विनोद कुमार तथा खंड कैरू के लिए खंड कार्यक्रम प्रबंधक सुरेन्द्र कुमार को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

**दौरा** | खेतों में पहुंचकर खराब फसल का लिया जायजा

# भाजपा के शासनकाल से हर व्यक्ति दुखी, महंगाई भ्रष्टाचार और बेरोजगारी का बढ़ा ग्राफ : किरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

कांग्रेस की वरिष्ठ नेता, पूर्व मंत्री एवं तोशाम से विधायक किरण चौधरी ने जनसंपर्क अभियान के तहत तोशाम क्षेत्र के गांवों का दौरा किया और जनसमस्याएं सुनी। किरण चौधरी ने जनसंपर्क अभियान के दौरान खेतों में पहुंचकर खराब फसल का जायजा भी लिया और आमजन को भाजपा की जनविरोधी नीतियों बारे अवगत कराया।

खासकर उन्होंने राजस्थान को पानी दिए जाने के समझौते का विरोध करते हुए आमजन को भी समर्थन मांगा। किरण चौधरी ने राजपुरा खरकड़ी, बापोड़ा, बीरण, ढाणी.बीरण, दांग खुर्द, दांग कला, किरावड, ढाणी किरावड, भुरटाना, अलखपुरा, सागवन, खानक, पिंजोखरा, गारणपुरा कलां, गारणपुरा खुर्द, छपार जोगियान, छपार बास और छपार रागडान का दौरा किया। पूर्व मंत्री ने कहा कि भाजपा के 10 साल के शासनकाल से हर व्यक्ति त्रस्त है। महंगाई और भ्रष्टाचार के साथ बेरोजगारी का ग्राफ बढ़ रहा है। दिन प्रतिदिन बढ़ रही महंगाई से रसोई का बजट बिगड़ रहा है तो युवाओं को रोजगार न मिलने के चलते बेरोजगारी बढ़ रही हैए जिसके चलते युवा विदेश की ओर पलायन कर रहे हैं। वहीं किरण चौधरी ने गठबंधन सरकार द्वारा राजस्थान को पानी देने के समझौते का विरोध करते हुए कहा कि भिवानी सूखाग्रस्त क्षेत्र है। पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी बंसीलाल ने जिले में पानी की आपूर्ति को लेकर नहरें बनवाई थी और जब वे 10 मंत्री रहीं तो उन्होंने पानी किल्लत को दूर करने पूरी कोशिश की, अपने शासन काल में नहरी पानी के तंत्र को मजबूत करने के साथ गांवों में डिग्गियां बनवाई थी, ताकि पानी की किल्लत का सामना न करना पड़े। लेकिन अब पिछले 10 सालों से सरकार भिवानी क्षेत्र की सुध नहीं ले रही है और उलटा उनके हक का पानी राजस्थान को दिया जा रहा है। जबकि एसवाईएल के पानी को लेकर सरकार कोई लड़ाई नहीं लड़ रही है। सरकार की ओर से दावा किया जा रहा है कि बारिश के दिनों में अतिरिक्त पानी को पाइपलाइन के जरिये राजस्थान को दिया जाएगा। जब राजस्थान को पाइप के जरिये पानी दिया जा सकता है कि भिवानी-महेंद्रगढ़ क्षेत्र की पाइप लाइन के जरिये प्यास क्यों नहीं बुझाई जा सकती है।



**भिवानी।** समर्थकों को संबोधित करती पूर्व सीएलपी लीडर किरण चौधरी।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर हरिसिंह सांगवान, वाइस चेयरमैन सुनील भारीवाश, सुखबीर पंघाल, अशोक सिंगला, पूर्व जिला पार्षद भोल, प्रवीन दहिया, संजय बीडीसी खानक,कोमल रानी, पूर्व जिला पार्षद रेणू बाला, जेपी ठेकेदार पटौदी, रमेश पंघाल, मन्दीप काटिया, सुनील डाडम, वजीर डाडम, सुभाष गोलागढ़, ओमपाल पंघाल, अजय पंघाल, रोबीन पंघाल, संदीप सरल, कृष्ण ख्यालिया, विकास संडवा, सिंटू ढाणीमाहु, अमित बापोड़ा, रामुतार संडवा, प्रवीण संडवा, जगदीप पटौदी, संदीप पटौदी, अक्षय भारीवाश, पवन जांगड़ा संडवा आदि मौजूद थे।